राजभाषा विभाग की अप्रैल, 2018 माह की मुख्य उपलब्धियां

(i) राजभाषा विभाग द्वारा दिनांक 25/04/2018 को सचिव (राजभाषा) की अध्यक्षता में देश के विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कोर बैंकिंग प्रणाली से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया ।

(ii) देश के विभिन्न नगरों में 57 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकों का आयोजन किया गया जिनमें राजभाषा नीति के कार्यान्वयन और इस संबंध में जारी कार्यकारी आदेशों के अनुपालन की स्थिति और उसमें सुधार के उपायों पर चर्चा की जाती है ।

(iii) विभाग में अप्रैल, 2018 माह में सभी 173 शिकायतों का निपटान कर दिया गया ।

(iv) संस्थान के कार्यशाला एकक द्वारा दिनांक 02/04/2018 से 06/04/2018 तक 464वीं गहन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 49 कार्मिकों ने भाग लिया।

(v) केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान / हिंदी शिक्षण योजना के कार्मिकों हेतु दिनांक 06/04/2018 को उप निदेशक परीक्षा के कार्यालय में 12 व 13 अप्रैल, 2018 को मुंबई तथा चेन्नई तथा 26 व 27 अप्रैल, 2018 को बेंगलुरु में प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु राजभाषा विभाग द्वारा तैयार की गई ऑनलाइन प्रणाली के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

(vi) उप निदेशक (मध्योत्तर), हिंदी शिक्षण योजना, कार्यालय द्वारा श्रीनगर में महालेखाकार का कार्यालय, दिनांक 09/04/2018 से 20/04/2018 तक एवं सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ कश्मीर में दिनांक 17/04/2018 तथा 18/04/2018 को पत्राचार पाठ्यक्रम के प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञ के परीक्षार्थियों के लिए व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम का आयोजन इस कार्यालय के सहायक निदेशकों द्वारा किया गया । निदेशक (संस्थान) ने इस कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को दिनांक 17/04/2018 को उद्घाटन समारोह के दौरान प्रशिक्षार्थियों को संबोधित किया ।

(vii) विभिन्न गृह पत्रिकाओं के लिए माननीय गृह मंत्री / सचिव / संयुक्त सचिव के संदेश तैयार कर भेजे गए ।

(viii) केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा अप्रैल 2018 माह में 04 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें कुल 77 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षित करने का कार्य किया गया ।

(ix) अप्रैल 2018 में कुल 2,116 मानक पृष्ठों की अनूदित सामग्री विभिन्न मंत्रालयों / विभागों को प्रेषित की गई ।

(x) वार्षिक कार्यक्रम 2018-19 को भारत सरकार मुद्रणालय से मुद्रित कराया गया तथा इसकी मुद्रित प्रतियों को भारत सरकार के सभी मंत्रालयों / विभागों इत्यादि को भेजा गया ।

*****